# समोस द्वीप

**[स्रोत: द हिंदू]**

**ग्रीक द्वीप सामोस के** निकट जहाज़ दुर्घटना में आठ प्रवासियों की मौत हो गई, जिससे इस क्षेत्र में **लगातार प्रवास की वर्तमान चुनौतियों** पर प्रकाश डाला गया है।

- **समोस और आस-पास के एजियन द्वीप तुर्की से अवैध रूप से यूरोपीय संघ में** प्रवेश करने वाले प्रवासियों के लिये प्रमुख पारगमन बिंदु हैं। वर्ष 2024 में 54,000 से अधिक प्रवासी अवैध रूप से ग्रीस में प्रवेश कर चुके हैं।
    - कई लोगों को असुरक्षित, भीड़भाड़ वाली नावों में खतरनाक यात्रा का सामना करना पड़ता है, जिनमें लीबिया से जोखिम भरे **भूमध्यसागरीय** मार्ग भी शामिल हैं।
- समोस द्वीप ग्रीस में स्थित है, जो **[पूर्वी एजियन सागर]** पर एशिया माइनर तुर्की तट से सिर्फ 1,700 मीटर की दूरी पर स्थित है।
    - वर्तमान तुर्की का अधिकांश भाग एशिया माइनर में स्थित है, जिसे अनातोलिया के नाम से भी जाना जाता है, जो एशिया का सबसे पश्चिमी क्षेत्र है।
- **[यूनेस्को विरासत स्थल]**, **हेरा (हेरायन)** का प्राचीन मंदिर और समोस का **किलाबंद प्राचीन शहर (पाइथागोरियन)** इस द्वीप पर स्थित हैं। यूनानी गणितज्ञ और दार्शनिक पाइथागोरस का जन्म भी यहीं हुआ था।




**और पढ़ें:** [ग्रीक द्वीप लेसबोस]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/samos-island